# आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)
प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
Email-md@idabihar.com , Web-www.idabihar.com, phone: 0612-2675933, 2675935, Fax no-2675934

पत्रांक .................. **08/146/Tech/IDA/22** दिनांक:–....................

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता (तकनीकी),

सेवा में,

**M/s Tujar Alam**
At+ PO. - Sitanabad, P.S. - Simri Bakhtiyarpur
Distt.- Saharsa, Pin- 852106

विषयः **Construction of Plug & Play Prefabricated Shed at, Bhagalpur, Phase-4 के कार्य के एकरारनामा Rescind करने के संबंध में।**

प्रसंगः प्राधिकार का पत्रांक 6280/Tech दिनांक 09.11.2023, पत्रांक 6240/Tech दिनांक 08.11.2023, पत्रांक 5737/Tech दिनांक 18.10.2023, पत्रांक 5535/Tech दिनांक 06.10.2023, पत्रांक 5385/Tech दिनांक 27.09.2023, पत्रांक 5141/PI दिनांक 16.09.2023, पत्रांक 4218/Tech दिनांक 01.08.2023, पत्रांक 3921/Tech दिनांक 10.07.2023, पत्रांक 3501/Tech दिनांक 12.06.2023, पत्रांक 3069/Tech दिनांक 31.05.2023, पत्रांक 2682/Tech दिनांक 09.05.2023, पत्रांक 233/Tech दिनांक 09.01.2023 एवं पत्रांक 4484/Tech दिनांक 10.12.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों का संदर्भ करें। आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना द्वारा निर्गत NIT सं0– 65/TEN/IDA/22, SL No.-03 के आलोक में Construction of Plug & Play Prefabricated Shed at, Bhagalpur, Phase-4 के निर्माण हेतु आपको (M/s Tujar Alam, At+ PO- Sitanabad, Police Station- Simri Bakhtiyarpur, Distt.- Saharsa, Pin- 852106) कार्य आवंटित किया गया था। जिसके लिए दिनांक 02 जनवरी, 2023 को एकरारनामा सं0– 65/SBD/2022-23 हस्ताक्षरित किया गया। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 02.12.2022 तथा कार्य समाप्ति की तिथि 01.06.2023 था। निर्माण कार्य की कुल समयावधि 06 (छः) माह तथा इस परियोजना की एकरारित राशि रू0 9,72,39,027.73 मात्र था। उक्त परियोजना को पूर्ण करने के लिए निम्नांकित कार्रवाई की गई :–

(1) प्राधिकार का पत्रांक 4459/Tech दिनांक 10.12.2022 के द्वारा आपको Super Structure निर्माण हेतु Prefabricated Steel, Plate, Bolt etc का Order तथा बालू का भंडारण करने हेतु निदेश दिया गया था।

(2) प्राधिकार का पत्रांक 233/Tech दिनांक 09.01.2023 के द्वारा आवंटित कार्य को एकरारित समयसीमा के अंतर्गत पूर्ण करने हेतु Weekly Work Program उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया, जिसके आलोक में आपके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। साथ ही पूर्व में समर्पित Work Program के अनुसार भी कार्य नहीं किया जा रहा है।

(3) कार्यस्थल पर भूमि कम रहने के कारण प्राधिकार के सक्षम प्राधिकार द्वारा अनुमोदन प्राप्त कर Prefabricated Shed को Multistorey Building में तब्दील कर प्राक्कलन का पुनरीक्षण किया गया, जिसके आलोक में आपकी सहमति से पूरक एकरारनामा दिनांक 28 फरवरी, 2023 को एकरारनामा सं0– 65 (S)/SBD/2022-23 हस्ताक्षरित किया गया।

P.T.O

(4) आपके द्वारा मौखिक रूप से दिनांक 09.05.2023 से Prefabricated Structural Steel का Erection का कार्य प्रारंभ करने हेतु आश्वासन दिया गया था, किन्तु कार्यस्थल पर Erection का कार्य प्रारंभ नहीं करने के कारण प्राधिकार का पत्रांक 2682/Tech दिनांक 09.05.2023 निर्गत किया गया, जिसमें दण्डात्मक एवं अन्य कार्रवाई करने हेतु सचेत किया गया था।

(5) पुनः आपके द्वारा कार्य में प्रगति के प्रति रूचि नहीं लेने तथा शिथिलता बरतने के कारण प्राधिकार का पत्रांक 3069/Tech दिनांक 31.05.2023 के द्वारा आपसे स्पष्टीकरण (07 दिनों के अंदर) पूछा गया कि कार्य को ससमय पूर्ण नहीं करने के कारण क्यों नहीं एकरारनामा के अनुसार आपको Debar किया जाय।

(6) प्राधिकार का पत्रांक 3069/Tech दिनांक 31.05.2023 के द्वारा कार्य में प्रगति लाने हेतु Show Cause Notice दिया गया, परन्तु आपके द्वारा पत्रांक शुन्य दिनांक 13.06.2023 के द्वारा जवाब दिया गया, जो तथ्यहीन है। तत्पश्चात् प्राधिकार का पत्रांक 3501/Tech दिनांक 12.06.2023 के द्वारा Mile Stone को Achieve नहीं करने के कारण S.B.D के Schedule- F के Clause-5 के तहत एकरारित राशि का 1% अर्थात् रू0 9,72,390.00 मात्र का आर्थिक दंड लगाया गया। साथ ही कार्य की प्रति सचेत होकर एवं जाग्रत होकर परियोजना में गति लाकर प्रगति की क्षतिपूर्त्ति करते हुये लक्षित समय तक9 परियोजना पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया।

(7) आपके द्वारा कार्य की प्रगति अत्यंत ही धीमी रखने तथा कार्य को पूर्ण करने में कोई रूचि नहीं लेने के कारण पुनः प्राधिकार का पत्रांक 3921/Tech दिनांक 10.07.2023 के द्वारा S.B.D के Schedule- F के Clause-5 के तहत Mile Stone को Achieve नहीं करने के कारण रू0 5,00,000.00 मात्र का आर्थिक दंड अध्यारोपित किया गया।

(8) कार्य में प्रगति लाने हेतु आपको कई बार पत्र के माध्यम से, मौखिक रूप से तथा Site Order Book पर निदेश दिये जाने तथा पूर्व में दो बार आर्थिक दण्ड लगाये जाने के बावजूद भी कार्य में गति नहीं लाया गया। जिसके आलोक में प्राधिकार का पत्रांक 4218/Tech दिनांक 01.08.2023 के द्वारा आपसे स्पष्टीकरण पूछा गया कि क्यों नहीं एकरारनामा के शर्त्तों के अधीन विषयांकित कार्य को पूरा नहीं करने एवं निर्माण कार्य की प्रगति धीमी रहने कारण दण्डात्मक कार्रवाई तथा Debar किया जाय, जिसके आलोक में आपके द्वारा पत्रांक 1786 दिनांक 08.08. 2023 के द्वारा जवाब दिया गया, जो तथ्यहीन पाया गया।

(9) पुनः प्राधिकार का पत्रांक 4679/Tech दिनांक 25.08.2023 के द्वारा आपसे स्पष्टीकरण (07 दिनों के अंदर) पूछा गया कि एकरारनामा के शर्त्तों के अंतर्गत परियोजना कार्य को पूर्ण नहीं करने तथा निर्माण कार्य की धीमी प्रगति के कारण आपको Debar किया जाय, जिसके आलोक में आपके द्वारा पत्रांक शुन्य दिनांक 01.09.2023 के माध्यम से जवाब दिया गया। आपका स्पष्टीकरण तथ्यहीन तथा भ्रामक है।

(10) प्राधिकार का पत्रांक 4679/Tech दिनांक 25.08.2023 के आलोक में आपके द्वारा आपका पत्रांक शुन्य दिनांक 01.09.2023 द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब दिया गया। आपके द्वारा समर्पित प्रत्युत्तर की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षोपरांत पाया गया कि आपके द्वारा सिर्फ 33% कार्य ही पूर्ण किया गया है तथा उक्त परियोजना एकरारनामा के अनुसार अत्यंत मंद गति से क्रियान्वित किया जा रहा है, जिससे स्पष्ट होता है कि किसी परिस्थिति में उक्त योजना को प्रावधानित समयसीमा में पूर्ण किया जाना संभव नहीं है। उक्त के आलोक में प्राधिकार का पत्रांक 5141/PDA दिनांक 16.09.2023 के तहत में किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित (Debar) किया गया।

P.T.O

(11) प्राधिकार का पत्रांक 5385/Tech दिनांक 27.09.2023 के द्वारा आपसे स्पष्टीकरण (07 दिनों के अंदर) पूछा गया कि एकरारनामा के शर्त्तों के अंतर्गत परियोजना कार्य को ससमय पूर्ण नहीं करने तथा निर्माण कार्य के अत्याधिक धीमी प्रगति के कारण क्यों नहीं एकरारनामा को Rescind एवं राशि को जब्त कर लिया जाय ? जिसके आलोक में आपके द्वारा दिनांक 10.11.2023 के माध्यम से पत्र समर्पित किया गया है, जिसे तथ्यहीन पाया गया।

(12) पुनः प्राधिकार का पत्रांक 5535/Tech दिनांक 06.10.2023 द्वारा स्मार–पत्र निर्गत किया गया, जिसमें पुनः एक सप्ताह के जवाब समर्पित करने हेतु समय दिया गया। जिसके आलोक में आपके द्वारा दिनांक 10.11.2023 के माध्यम से पत्र समर्पित किया गया है, जिसे तथ्यहीन पाया गया।

(13) प्राधिकार का पत्रांक 5737/Tech दिनांक 18.10.2023 के माध्यम से अंतिम स्मार–पत्र (SBD के Clause of Contract-3 के अनुसार Rescind एवं राशि Performance Guarantee, Additional Performance Guarantee एवं Security Deposit को जब्त करने हेतु) निर्गत किया गया, जिसमें पुनः एक सप्ताह के अंदर जवाब समर्पित करने हेतु समय दिया गया। जिसके आलोक में आपके द्वारा दिनांक 04.11.2023 के माध्यम से स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। स्पष्टीकरण में कोई नया तथ्य नहीं रहने के कारण विचारणीय नहीं है।

(14) प्राधिकार का पत्रांक 6240/Tech दिनांक 08.11.2023 के माध्यम से स्पष्टीकरण (SBD के Clause of Contract-3 के अनुसार Rescind एवं राशि Performance Guarantee, Additional Performance Guarantee एवं Security Deposit को जब्त करने हेतु) निर्गत किया गया, जिसमें पुनः तीन दिनों के अंदर प्रत्युत्तर समर्पित करने हेतु समय दिया गया। जिसके आलोक में आपके द्वारा दिनांक 10.11.2023 के माध्यम से पत्र समर्पित किया गया है। उक्त स्पष्टीकरण भी कोई नई बिन्दु पर चर्चा नहीं रहने के कारण स्वीकार योग्य नहीं है। विदित हो कि लगभग दो माह से आपके द्वारा कार्यस्थल पर कार्य से संबंधित कोई भी गतिविधि नहीं की जा रही है, जिससे स्पष्ट होता है कि किसी भी परिस्थिति में प्रासंगिक योजना प्रावधानित समयसीमा में पूर्ण नहीं हो सकेगी। उपरोक्त से से स्पष्ट है कि आप एकरारनामा के शर्त्तों के प्रति गंभीर नहीं है तथा आपके द्वारा सरकारी कार्य को पूर्ण करने में रूचि नहीं दर्शाया जा रहा है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में **एकरारनामा सं0– 65/SBD/2022-23 दिनांक 02 जनवरी, 2023 को SBD के Clause of Contract-3 के अनुसार Rescind एवं राशि (Performance Guarantee, Additional Performance Guarantee एवं Security Deposit) को जब्त किया जाता है।**

ह0/–
**कार्यपालक अभियंता (तकनीकी)**

ज्ञापांकः– 08/146/TECH/IDA/22 दिनांकः–

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव/सचिव, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/योजना एवं विकास विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/लघु जल संसाधन विभग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार/बिहार राज्य पथ विकास निगम लि0/बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0/बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0/बिहार राज्य पथ परिवहन निगम लि0/बिहार स्वास्थ्य सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0/बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि0/बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0/बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लि0/बिहार राज्य आवास बोर्ड, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/–
**कार्यपालक अभियंता (तकनीकी)**

P.T.O

ज्ञापांकः—6358/Tech08/146/TECH/IDA/22 दिनांकः—

प्रतिलिपिः— कम्पयूटर प्रोग्रामर एवं सूचना जन—संपर्क पदाधिकारी, आई0डी0ए0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/11/2023.

कार्यपालक अभियंता (तकनीकी)